दैनिक जागरण 07/09/2022

# विद्यार्थियों ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया



बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान। • विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें करीब 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डा. वीके जैन ने छात्रों को उनकी योग्यता के आधार पर प्रतिष्ठित. महाविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर कालेज के वरिष्ठ छात्र छात्राओं ने अपने अनुभव सांझा किए। डा. रवनीत ने पीपीटी के माध्यम से कालेज के विषय में जानकारी दी। विद्यार्थियों के मनोबल एवं बौद्धिक विकास के लिए डा. अमिता ने अपने विचार रखे। विभागाध्यक्ष डा. भारती विज ने प्रबंधन विभाग को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाया।